ग्रामीण कार्य विभाग में संवेदक के रूप में कार्य करने हेतु वांछनीय अर्हता/योग्यता

1. श्रेणी 1 : किसी भी राशि के निर्माण कार्य हेतु निविदा देने के लिए सक्षम।
   श्रेणी 2 : 3.5 करोड़ रूपये तक के निर्माण कार्य हेतु निविदा देने के लिए सक्षम।
   श्रेणी 3 : 70 लाख रूपये तक के निर्माण कार्य हेतु निविदा देने के लिए सक्षम।
2. उपर्युक्त श्रेणी के लिए निबंधन शुल्क निम्न प्रकार होगा :-
   श्रेणी 1 : 200000.00 (दो लाख रूपये)
   श्रेणी 2 : 100000.00 (एक लाख रूपये)
   श्रेणी 3 : 25000.00 (पच्चीस हजार रूपये)
3. उपर्युक्त श्रेणी हेतु वांछित निबंधन शुल्क का बैंक ड्राफ्ट ''अवर सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना'' "OR" **UNDER SECRETARY, RWD, BIHAR, PATNA"** के पक्ष में देय तथा पटना (PATNA) में भुगदेय होगा।
4. पंजीकरण के लिए निम्नलिखित कागजात संवेदक को जमा करने होंगे :-
   (क) आवेदन पत्र।
   (ख) PAN CARD की छायाप्रति जिसमें PAN No स्पष्ट अंकित हो।
   (ग) कंपनी के मामले में कंपनी का एवं फर्म के मामले में फर्म का PAN CARD देना होगा।
   (घ) यदि कंपनी अथवा फर्म में एक से अधिक साक्षेदार हो तो सभी साझेदारों का PAN CARD एवं Address Proof देना अनिवार्य होगा।
   (ड़) आवेदन पत्र में अकित पता का साक्ष्य (Address Proof)
   (च) यदि पार्टनरशीप या लोक समिति कंपनी हो तो उसका निबंधन प्रमाण पत्र अंशधारियों के नाम तथा पार्टनरशीप डीड/कम्पनी बाई लॉ की प्रति।
   (छ) यदि किसी व्यक्ति को POWER of ATTORNEY दे रहे हो ता उसके पक्ष में Company/Firm के सभी साक्षेदारों को शपथ-पत्र में उल्लेख कर देना होगा।
   (ज) निबंधन करने वाले को इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि उनका या उनके किसी साक्षेदार का नाम बिहार सरकार/केन्द्र सरकार के किसी विभाग में काली सूची में दर्ज नहीं है।
   (झ) सभी कागजातों को राजपत्रित अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित करना अनिवार्य है।
   (ञ) निर्धारित शुल्क का बैंक ड्राफ्ट जो ''अवर सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना'' के पक्ष में देय तथा पटना में भुगदेय।
   (ट) उपर्युक्त अहर्त्ता के आधार पर निबंधित संवेदक ही ग्रामीण कार्य विभाग में निविदा संबंधी कार्य करने के योग्य माने जायेंगे।
5. ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा प्रकाशित सभी निविदा जिसकी प्राक्कलित राशि 25 लाख से उपर है अब ई-टेन्डर के माध्यम से होती है। इस हेतु संवेदको को स्वंय का डिजिटल हस्ताक्षर होना आवश्यक है। डिजिटल हस्ताक्षर Sify/n code/TCS से प्राप्त की जा सकती है तथा Digital Signature को www.pmgsytendersbih.gov.in पर रजिस्टर्ड करना अनिवार्य होगा । निविदा www.pmgsytendersbih.gov.in पर प्रकाशित/अपलोड की जाएगी एवं समाचार पत्र के माध्यम से भी प्रकाशित की जायेगी। संवेदक उपर्युक्त website के माध्यम से भी BOQ/NIT/SBD आदि प्राप्त कर सकते है। निविदा प्रक्रिया से संबंधित विस्तृत दिशा-निदेश उपर्युक्त website पर उपलब्ध होगा।

अ/३५७